कृषि मशीनरी, उपकरण खरीदने के लिए एस एम ए एम के तहत डी बी टी के माध्यम से सब्सिडी प्राप्त करना

अपने कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एस एम ए एम) के तहत, भारत सरकार कृषि मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए पात्र लाभार्थियों को सब्सिडी प्रदान कर रही है। भारत सरकार का कृषि, सहयोग और किसान कल्याण विभाग अपने मशीनीकरण और प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी बी टी) के माध्यम से सब्सिडी दे रहा है।

डी बी टी प्राप्त करने के लिए, आवेदकों को https://agrimachinery.nic.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होता है। पोर्टल खोलने के बाद, आवेदकों को 'कृषि मशीनीकरण में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' टैब पर क्लिक करना होता है, जिसमें योजना के बारे में पूरा विवरण हैं।

टैब खोलने के बाद, आवेदकों को 'पंजीकरण' विकल्प पर क्लिक करना होता है जिसमें इंडेक्स पेज पर नेविगेशन बार पर ड्रॉपडाउन एरो है। पंजीकरण करने से पहले, आवेदकों को इंडेक्स पेज की ड्रॉपडाउन सूची से 'फार्मर' पर क्लिक करने के बाद पॉपअप विंडो में दिखाई गई महत्वपूर्ण जानकारी को पढ़ना आवश्यक है।

आवेदकों को पोर्टल पर उपकरण और उस स्थान का चयन करना होगा जिसके लिए वे डी बी टी के लिए आवेदन करना चाहते हैं। फिर 'चेक अवेलेबिल्टी' पर क्लिक करना होगा जहाँ पर उपकरणों की उपलब्धता, लक्ष्य और अन्य विवरण होते हैं।

आवेदक 'सब्सिडी कैलकुलेटर' टैब पर क्लिक करने के बाद विवरण भरकर सब्सिडी में प्राप्त होने वाली राशि की जांच भी कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के बाद, वे 'ट्रैकिंग' टैब पर जाकर अपने मामले को ट्रैक कर सकते हैं।

आवेदकों को डी बी टी फॉर्म में जानकारी भरते समय अपने व्यक्तिगत विवरण, गांव, ज़िले और राज्य का उल्लेख करते हुए सावधान रहना होगा। गलत जानकारी दर्ज करने पर लाभ से वंचित किया जा सकता है।

डी बी टी का दावा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज़

- आधार कार्ड: लाभार्थी की पहचान करने के लिए।
- किसान का पासपोर्ट साईज़ फोटो।
- भूमि विवरण जोड़ते समय भूमि के अधिकार का रिकॉर्ड (आर ओ आर) अपलोड करना।
- बैंक पासबुक के पहले पन्ने की प्रति जिस पर लाभार्थी का विवरण दिया गया हो।
- किसी भी पहचान प्रमाण की प्रति (आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट)।
- अगर ज़रूरी हो तो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग जाति श्रेणी प्रमाण पत्र की प्रति।